रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 341] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, जून 22, 2000/आषाढ़ 1, 1922
No. 341] NEW DELHI, THURSDAY, JUNE 22, 2000/ASADHA 1, 1922

INDIAN LIBRARY INDIA

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

(बीमा प्रभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 22 जून, 2000

सा. का. नि. 550(अ).—केंद्रीय सरकार, जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 (1956 का 31) की धारा 48 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय जीवन बीमा निगम वर्ग I अधिकारी (सेवा के निबंधनों और शर्तों का पुनरीक्षण) नियम, 1985 (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् "उक्त नियम" कहा गया है) का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती हैं, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम, प्रारंभ और लागू होना :

(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम भारतीय जीवन बीमा निगम वर्ग I अधिकारी (सेवा के निबंधनों और शर्तों का पुनरीक्षण) संशोधन नियम, 2000 है ।

(2) इसमें इसके पश्चात् यथा उपबंधित के सिवाय, इन नियमों के उपबंध 1 अगस्त, 1997 को प्रवृत्त हुए समझे जाएंगे :

परंतु निगम द्वारा विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर यदि कोई वर्ग I अधिकारी निगम को लिखित सूचना देता है जिसमें वह इन नियमों के प्रवृत्त होने की तारीख से अपूर्व और इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से अपश्चात् किसी तारीख से इन नियमों के उपबंधों से शासित होने का अपना विकल्प अभिव्यक्त करता है, तो निगम आदेश द्वारा ऐसे अधिकारी को उक्त तारीख से उक्त नियमों द्वारा शासित होने की अनुज्ञा दे सकता है । इस प्रकार चयनित तारीख से पूर्व की अवधि के लिए उक्त अधिकारी को कोई बकाया संदेय नहीं होगा ।

(3) ये नियम उन वर्ग I अधिकारियों को लागू होंगे जो निगम के स्थायी स्थापन में तारीख 1-8-1997 को पूर्णकालिक वेतन सेवा में थे :

परंतु यह कि ऐसे अधिकारी, जिनका भारतीय जीवन बीमा निगम (कर्मचारिवृंद) नियम, 1960 के नियम 39 के अधीन तारीख 1-8-1997 और इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख तक की अवधि के दौरान त्यागपत्र स्वीकार कर लिया गया है या जिनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं, पुनरीक्षण के कारण बकाया के पात्र नहीं होंगे।

2. उक्त नियमों में,-

(i) नियम 4 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"4. वर्ग I अधिकारियों के वेतनमान :

वर्ग I अधिकारियों के वेतनमान निम्नलिखित के अनुसार होंगे :

(1)	(i)	क्षेत्रीय प्रबंधक	(क) सामान्य वेतनमान : 19000-550(4)-21200 रु. (ख) चयन वेतनमान 21200-550(2)-23300-600(1)-22900-700(1)-23600
	(ii)	मुख्य इंजीनियर / मुख्य वास्तुविद	
(2)	(i)	उप क्षेत्रीय प्रबंधक / ज्येष्ठ मंडल प्रबंधक	17150-450(3)-18500-500(1)-19000 रु.
	(ii)	उप मुख्य इंजीनियर / उप मुख्य वास्तुविद	
(3)	(i)	मंडल प्रबंधक	14735-360(1)-15095-385(3)-16250-450(2)-17150
	(ii)	अधीक्षण इंजीनियर/ ज्येष्ठ संकर्म सर्वेक्षक/ ज्येष्ठ वास्तुविद	
(4)	(i)	सहायक मंडल प्रबंधक / ज्येष्ठ शाखा प्रबंधक	12215-360(8)-15095-385(3)-16250 रु.
	(ii)	कार्यपालकइंजीनियर/संकर्म सर्वेक्षक/ उप ज्येष्ठ वास्तुविद	
(5)	(i)	प्रशासनिक अधिकारी/शाखा अधिकारी	10055-360(13)-14735 रु.
	(ii)	सहायक कार्यपालक इंजीनियर/सहायक संकर्म सर्वेक्षक/वास्तुविद	
(6)	(i)	सहायक प्रशासनिक अधिकारी/ सहायक शाखा प्रबंधक	7535-360(18)-14015 रु.
	(ii)	सहायक इंजीनियर/सहायक वास्तुविद	

टिप्पण — क्रम संख्यांक 1 से 6 के अंतर्गत प्रविष्टि (ii) में विनिर्दिष्ट पदों पर नियुक्त किए गए अधिकारियों के संबंध में पृथक ज्येष्ठता सूची रखी जाएगी ।

(ii) नियम 4(क) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :-

"4क. वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने पर मूल वेतन में वृद्धि :

कार्य अभिलेख के समाधानपूर्ण पाए जाने के अधीन रहते हुए,-

(क) सहायक प्रशासनिक अधिकारी के वेतनमान में के ऐसे अधिकारी को, जो उसे लागू वेतनमान के अधिकतम पर पहुंच गया है, ऐसे अधिकतम पर पहुंचने के पश्चात् तीन वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर पश्चातवर्ती मास के पहले दिन या अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख के पश्चातवर्ती मास के पहले दिन, जो भी बाद में हो, उसके द्वारा ली गई अंतिम वेतनवृद्धि के समतुल्य वृद्धि उसके मूल वेतन में अनुदत्त की जाएगी ।

(ख) ऐसा अधिकारी जो प्रशासनिक अधिकारी के वेतनमान में अधिकतम पर पहुंच गया है, ऐसे अधिकतम पर पहुंचने के पश्चात् सेवा के प्रत्येक तीन पूर्ण वर्ष के लिए उसके वेतनमान में उसके द्वारा ली गए अंतिम वेतनवृद्धि के समतुल्य वृद्धि अनुज्ञात की जाएगी किंतु ऐसी वृद्धियां अधिकतम तीन होंगी :

परंतु कोई अधिकारी, यथास्थिति, वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के पश्चात् या ऐसी वृद्धियां लेने के पश्चात् तीन वर्ष पूर्ण होने के पश्चातवर्ती प्रत्येक मास के पहले दिन से पूर्व मूल वेतन में ऐसी वृद्धि पाने का हकदार नहीं होगा :

परंतु यह और कि कोई अधिकारी इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशित होने के पश्चातवर्ती मास के प्रथम दिन से पूर्व मूल वेतन में ऐसी तीसरी वृद्धि पाने का हकदार नहीं होगा :

(ग) सहायक मंडल प्रबंधक के वेतनमान में के किसी अधिकारी को, जो उसे लागू वेतनमान के अधिकतम पर पहुंच गया है, ऐसे अधिकतम पर पहुंचने के पश्चात् तीन वर्ष की सेवा पूर्ण होने के पश्चातवर्ती मास के प्रथम दिन से या इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख के पश्चातवर्ती मास के प्रथम दिन से, जो भी बाद में हो, अपने वेतनमान में उसके द्वारा प्राप्त अंतिम वेतनवृद्धि के समतुल्य वृद्धि वेतन में अनुदत्त की जाएगी ।

परंतु जहां किसी अधिकारी को उसको लागू वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने की तारीख से तीन वर्ष की सेवा पूर्ण होने के पश्चातवर्ती मास के पहले दिन या मूल वेतन में ऐसी अंतिम वृद्धि से या इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख के पश्चातवर्ती मास के पहले दिन, (यथास्थिति, वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने की तारीख से तीन वर्ष की सेवा पूर्ण होने के पश्चातवर्ती मास के पहले दिन या मूल वेतन में ऐसी अंतिम वृद्धि से या इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख के पश्चातवर्ती मास के पहले दिन को, इसमें इसके पश्चात् "सुसंगत तारीख" कहा गया है) मूल वेतन में खंड (क) या खंड (ख) या खंड (ग) में निर्दिष्ट वृद्धि अनुदत्त नहीं की जाती तो उसका मामला, सुसंगत तारीख से संगणित की जाने वाली सेवा के बारह मास पूर्ण करने के पश्चातवर्ती मास या ऐसे पुनरीक्षण की तारीख से उस प्रत्येक कलेंडर वर्ष में पुनरीक्षण के लिए तब तक रखा जाएगा जब तक कि उसके मूल वेतन में ऐसी वृद्धि अनुज्ञात न की जाए और तत्पश्चात् यदि ऐसी वृद्धि अनुज्ञात करने का विनिश्चय किया जाता है तो वह उस कलेंडर वर्ष जिसमें विनिश्चय किया गया है के उस मास की पहली तारीख से प्रभावी होगा जिसमें पुनरीक्षण किया जाना था ।

स्पष्टीकरण-- इस नियम के प्रयोजनार्थ " कलेंडर वर्ष" से अभिप्रेत है " 1 जनवरी से 31 दिसंबर तक की अवधि" ।

(iii) नियम 4(ख) का लोप किया जाएगा ।

(iv) नियम 5 में,--

(क) उपनियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"(1) वर्ग I अधिकारियों को लागू महंगाई भत्ते का मापमान निम्नलिखित रूप से अवधारित किया जाएगा :

सूचकांक : औद्योगिक कर्मकारों का अखिल भारतीय औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक ।

आधार : 1960 = 100 की श्रृंखला में सूचकांक सं. 1740

दर : अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के 1740 प्वाइंट के ऊपर त्रैमासिक औसत में प्रत्येक 4 प्वाइंट के लिए वर्ग I अधिकारी को " वेतन" के 0.23 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता संदत्त किया जाएगा ।

स्पष्टीकरण-- इस नियम के प्रयोजनार्थ, " वेतन" से अभिप्रेत है मूल वेतन, जिसमें इन नियमों के नियम 4(क) के अधीन यथा उपबंधित वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के पश्चात् मूल वेतन में वृद्धियां भी सम्मिलित हैं ।

(ख) उपनियम (2) में " 1148 प्वाइंट से ऊपर होने पर 1148-1152-1156-1160", शब्दों और अंकों के स्थान पर " 1740 प्वाइंट से ऊपर होने पर 1740-1744-1748-1732" अंक और शब्द रखे जाएंगे ।

(v) नियम 6 के उपनियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"(1) वर्ग I अधिकारी का, सिवाय उनके जिनको निगम ने निवास स्थान आबंटित किया है, मकान किराया भत्ता निम्नलिखित होगा :

तैनाती का स्थान	मकान किराया भत्ते की दर
i. मुंबई, कलकत्ता, चेन्नई, नई दिल्ली, नोएडा, फरीदाबाद, गाजियाबाद, गुड़गांव नगर और नवीं मुम्बई नगर ।	वेतन का 11 प्रतिशत अधिकतम 1200 रुपए प्रतिमास के अधीन रहते हुए
ii. ऊपर (i) में वर्णित नगरों से भिन्न नगर जिनकी जनसंख्या 12 लाख से अधिक है, गोवा राज्य में कोई नगर और गांधी नगर ।	वेतन का 9 प्रतिशत अधिकतम 1000 रुपए प्रतिमास के अधीन रहते हुए
iii. अन्य स्थान	वेतन का 8 प्रतिशत अधिकतम 950 रुपए प्रतिमास के अधीन रहते हुए

टिप्पण : इस नियम के प्रयोजनार्थ,-

i) जनसंख्या के आंकड़े नवीनतम जनगणना रिपोर्ट के अनुसार होंगे ।

ii) नगरों में उनकी नगर बस्तियां सम्मिलित हैं ।

iii) वेतन से अभिप्रेत है मूल वेतन, मूल वेतन में वृद्धियां और नियत वैयक्तिक भत्ता ;

(vi) नियम 7 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

" 7. नगर प्रतिकरात्मक भत्ता :

वर्ग I अधिकारियों को संदेय नगर प्रतिकरात्मक भत्ता निम्नलिखित होगा :-

तैनाती का स्थान	नगर प्रतिकरात्मक भत्ते की दर
i. मुंबई, कलकत्ता, चेन्नई, नई दिल्ली, नोएडा, फरीदाबाद, गाजियाबाद, गुड़गांव और नवी मुम्बई नगर ।	वेतन का 4 प्रतिशत न्यूनतम 120 रुपए प्रतिमास और अधिकतम 375 रुपए प्रतिमास के अधीन रहते हुए ।
ii. ऊपर (i) में वर्णित नगरों से भिन्न नगर जिनकी जनसंख्या 12 लाख से अधिक है, गोवा राज्य में कोई नगर और गांधी नगर ।	वेतन का 3 प्रतिशत न्यूनतम 100 रुपए प्रतिमास और अधिकतम 350 रुपए प्रतिमास के अधीन रहते हुए।
iii. वे नगर जिनकी आवादी 5 लाख और उससे अधिक है किंतु 12 लाख से अधिक नहीं है, राज्यों की राजधानियां जिनकी आवादी 12 लाख से अधिक नहीं है, चंडीगढ़, मोहाली, पांडिचेरी, पोर्ट ब्लेयर और पंचकुला नगर ।	वेतन का 2.5 प्रतिशत न्यूनतम 75 रुपए प्रतिमास और अधिकतम 250 रुपए प्रतिमास के अधीन रहते हुए।

टिप्पण : इस नियम के प्रयोजनार्थ,-

i) जनसंख्या के आंकड़े नवीनतम जनगणना रिपोर्ट के अनुसार होंगे ।

ii) नगरों में उनकी नगर बस्तियां सम्मिलित हैं ।

iii) वेतन से अभिप्रेत है मूल वेतन और नियम 4(क) के अधीन मूल वेतन में वृद्धियां ।

(vii) नियम 7(क) में,-

(क) प्रविष्टि (i) के सामने स्तंभ (2) और उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :-

" 216 रुपए प्रतिमास के अधीन रहते हुए मूल वेतन के 3 प्रतिशत की दर से ।"

(ख) प्रविष्टि (ii) और (iii) के सामने स्तंभ (2) और उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :-

" 180 रुपए प्रतिमास के अधीन रहते हुए मूल वेतन के 2.5 प्रतिशत की दर से ।"

(viii) नियम 7ख में, अंक और अक्षर " 100 रुपए" के स्थान पर, अंक और अक्षर " 120 रुपए" रखे जाएंगे ;

(ix) नियम 8 में, उपनियम (i) में स्पष्टीकरण का लोप किया जाएगा ;

(x) नियम 9 में स्पष्टीकरण का लोप किया जाएगा ;

(xi) नियम 9क और 9ख के स्थान पर, निम्नलिखिच नियम रखे जाएंगे, अर्थात् :-

"9क. नियत वैयक्तिक भत्ता :

(1) प्रथम नियुक्ति पर परिवीक्षाधीन अधिकारी या ऐसे व्यक्ति जो उसे लागू वेतनमान के अधिकतम तक पहुंच गया हो, या जो 1 नवंबर, 1993 को मूल वेतन में नियम 4क में निर्दिष्ट एक या अधिक वृद्धि प्राप्त कर चुका है से भिन्न वर्ग I अधिकारी को 1 नवंबर, 1993 को उसे लागू वेतनमान में, कंप्यूटरीकरण के लिए एक वेतनवृद्धि संदत्त की जाएगी ।

परंतु ऐसे वर्ग I अधिकारी जो 1 नवंबर, 1993 को निगम की सेवा में अपनी प्रथम नियुक्ति पर परिवीक्षा पर था, को पुष्टि के पश्चात् एक वर्ष की सेवा पूरी कर लेने पर ऐसी एक वेतनवृद्धि संदत्त की जाएगी ।

(2) ऐसे वर्ग I अधिकारी, जो उसे लागू वेतनमान के अधिकतम सीमा तक पहुंच गया हो, या जो 1 नवंबर, 1993 को मूल वेतन में, नियम 4क में निर्दिष्ट एक या अधिक वृद्धि प्राप्त कर चुका है को 1 नवंबर, 1993 को उसे लागू वेतनमान में कंप्यूटरीकरण के लिए अंतिम वेतनवृद्धि के बराबर नियत वैयक्तिक भत्ता संदत्त किया जाएगा ।

(3) ऐसा वर्ग I अधिकारी, जो कंप्यूटरीकरण के लिए वेतनवृद्धि प्राप्त करता है और जो उसे लागू वेतनमान के अधिकतम तक पहुंच गया है, को वेतनमान के अधिकतम तक पहुंचने के एक वर्ष की अवधि की समाप्ति पर उपनियम (2) में निर्दिष्ट नियत वैयक्तिक भत्ता संदत्त किया जाएगा ।

(4) नियत वैयक्तिक भत्ता, मकान किराए भत्ते, भविष्य निधि, पेंशन, उपदान और विशेषाधिकार छुट्टी के नकदीकरण के प्रयोजनार्थ संगणित किया जाएगा ।

(5) ऐसे अधिकारियों को जिन्होंने निगम की सेवा तारीख 1-11-1993 के पश्चात् किन्तु अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से पूर्व आरंभ की है कंप्यूटरीकरण के लिए अतिरिक्त वेतनवृद्धि :

ऐसे वर्ग I अधिकारियों को, जिन्होंने तारीख 1-11-1993 के पश्चात् किंतु इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से पूर्व निगम की सेवा आरंभ की है, इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख के पश्चातवर्ती मास के पहले दिन से निम्नलिखित शर्तों के अधीन रहते हुए अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से उन्हें लागू वेतनमान में एक वेतनवृद्धि दी जाएगी :

(i) ऐसे अधिकारियों को जो निगम की सेवा में अपनी पहली नियुक्ति पर अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख को परिवीक्षा पर थे, उनकी पुष्टि की तारीख के पश्चात् 365 दिन की सेवा के पूर्ण होने पर ही उक्त वेतनवृद्धि अनुदत्त की जाएगी ;

(ii) ऐसा वर्ग I अधिकारी को जो उक्त वेतनवृद्धि प्राप्त कर चुका है और उसे लागू वेतनमान के अधिकतम पर पहुंच गया है, नियत वैयक्तिक भत्ता संदत्त किया जाएगा जो वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के पश्चात् एक वर्ष की अवधि की समाप्ति पर, अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख के पश्चातवर्ती मास के पहले दिन उसे लागू वेतनमान में उसकी अंतिम वेतनवृद्धि के समतुल्य होगा और ऐसा नियत वैयक्तिक भत्ता, मकान किराया भत्ते, भविष्य निधि, पेंशन, उपदान और विशेषाधिकार छुट्टी के नकदीकरण के प्रयोजन के लिए संगणना में लिया जाएगा ।

(iii) ऐसा कोई अधिकारी जो अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख के पश्चात् निगम की सेवा प्रारंभ करता है इस वेतनवृद्धि के लिए पात्र नहीं होगा ;"

9ख. सवारी भत्ता :

ऐसे अधिकारी से भिन्न प्रत्येक वर्ग, I अधिकारी को जो निगम की किसी स्कीम के अधीन कोई सवारी भत्ता प्राप्त कर रहा है, 150 रुपए प्रतिमास सवारी भत्ता संदत्त किया जाएगा";

(xii) नियम 9ख के पश्चात् निम्नलिखित नियम अंतःस्थापित किए जाएंगे, अर्थात् :-

"9ग. उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन :

निगम के वर्ग I अधिकारियों को उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन निम्नलिखित रूप में संदत्त किया जाएगा :-

तारीख 1-8-1997 से 31-3-1999 तक की अवधि के लिए, तारीख 1-8-1997 को उपर्युक्त वर्ग I अधिकारियों के मजदूरी बिल (पुनरीक्षण पूर्व) के 1.67 प्रतिशत का उ. सं. ए. प्रो. के बदले एक समय एकमुश्त संदाय किया जाएगा।

तारीख 1-4-1999 से 31-3-2002 तक की अवधि के लिए परिशिष्ट के अनुसार ।

"9घ. पारादीप पत्तन भत्ता-

पारादीप में कार्यालयों में कार्यरत प्रत्येक वर्ग I अधिकारी को, अधिसूचना की तारीख या पारादीप में सेवारंभ की तारीख, जो भी बाद में हो, के पश्चातवर्ती मास की पहली तारीख से 50 रुपए प्रतिमास " पारादीप पत्तन भत्ता" संदत्त किया जाएगा । यह भत्ता किन्हीं फायदों के लिए पंक्ति में नहीं होगा ।"

(xiii) इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से नियम 9ङ के पश्चात् निम्नलिखित नियम अंतःस्थापित किए जाएंगे, अर्थात् :-

"9ङ. प्रसूति छुट्टी-

सक्षम प्राधिकारी, किसी महिला अधिकारी को एक बार में छह मास तक विस्तारित की जा सकने वाली अवधि के लिए प्रसूति छुट्टी अनुदत्त कर सकेगा किन्तु यह किसी अधिकारी की सेवा की संपूर्ण अवधि के दौरान अधिकतम बारह मास तक होगी ।

परंतु उक्त छुट्टी किसी निःसंतान महिला कर्मचारी को उसकी सेवा के दौरान एक बार एक वर्ष से कम आयु के बालक के विधिक दत्तक ग्रहण के लिए अनुदत्त की जा सकेगी । छुट्टी की अधिकतम अवधि दो मास या जब तक बालक एक वर्ष की आयु का न हो जाए, जो भी पहले हो, होगी ।

परंतु यह और कि उक्त छुट्टी केवल एक बालक के दत्तक ग्रहण के लिए अनुदत्त की जाएगी।

परंतु यह भी कि बालक का दत्तक ग्रहण उचित विधिक प्रक्रिया द्वारा किया गया हो और निगम के समक्ष दत्तक ग्रहण विलेख की अनुप्रमाणित सही प्रति प्रस्तुत की जाए।"

" 9च. रुग्णता छुट्टी-

वर्ग I अधिकारी, सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए एक मास की दर से, चिकित्सा प्रमाणपत्र के आधार पर रुग्णता छुट्टी का हकदार होगा किंतु यह निगम की संपूर्ण सेवा में अधिकतम सोलह मास तक के अधीन होगी ।

परंतु भारतीय जीवन बीमा निगम (कर्मचारिवृन्द) नियम 1960 के नियम 62 के उपनियम (1) और (2) के अधीन किसी अधिकारी को अनुज्ञेय आकस्मिक छुट्टी और अतिरिक्त आकस्मिक छुट्टी और जिसका उसने उपभोग न किया हो, अधिकतम दो मास तक पूर्ण वेतन पर अतिरिक्त रुग्णता छुट्टी में या उसकी संपूर्ण सेवावधि के दौरान अधिकतम चार मास तक अर्द्ध-वेतन छुट्टी में संपरिवर्तित कर दी जाएगी जो कि उसके द्वारा चिकित्सा प्रमाणपत्र के आधार पर उपभोग की जाएगी ।

परंतु यह और कि यदि कोई अधिकारी किसी प्रमुख रोग जैसे कैंसर, कुष्ठ रोग, तपेदिक, पक्षाघात, मानसिक रोग, ब्रेन ट्यूमर, हृदय रोग, एड्स या गुर्दे के रोगों से पीड़ित हो तो उसे, यदि उसके खाते में कोई रुग्णता छुट्टी न हो जिसमें उसे अनुज्ञेय अतिरिक्त रुग्णता छुट्टी भी है, छह मास से अनधिक अवधि के लिए अर्द्ध-वेतन पर विशेष रुग्णता छुट्टी अनुज्ञात की जा सकती है ।"

[फा. सं. 2(14)-बीमा-III/97]

अजीत एम. शरण, संयुक्त सचिव

पाद टिप्पण : मूल नियम अधिसूचना सं. सा.का.नि. 194 (अ) तारीख 11-10-1985 के अधीन प्रकाशित किए गए थे और बाद में उनका संशोधन अधिसूचना सं. सा.का.नि. 960 (अ), तारीख 7-12-1987, सा.का.नि. 493(अ), तारीख 22-4-1988, सा.का.नि. सं. 872(अ), तारीख 22-8-1988, सा.का.नि. 711(अ), तारीख 25-7-1989, सा.का.नि. 816(अ), तारीख 11-10-1990, सातका.नि. 324(अ), तारीख 10-3-1992, सा.का.नि. 53(अ), तारीख 2-2-1994, सा.का.नि. सं. 597, तारीख 30-6-1995, सा.का.नि. सं. 94(अ), तारीख 16-2-1996, सा.का.नि. सं. 286(अ), तारीख 18-7-1996 और सा.का.नि. सं. 530(अ), तारीख 27-8-1998 और सा.का.नि. 612(अ), तारीख 30-8-1999 द्वारा किया गया ।

परिशिष्ट

उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन स्कीम

(नियम 9ग देखिए)

उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन के अनुदान के लिए शर्तें	1. उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन का अनुदान निगम के निम्नलिखित क्षेत्रों में समग्र रूप से निष्पादन पर निर्भर करेगा ; (क) नई पालिसियों में वर्धन (ख) प्रथम वर्ष प्रीमियम आय में वर्धन (ग) कुल प्रीमियम आय में वर्धन 2. उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन वित्तीय वर्ष के आधार पर संगणित किया जाएगा और निगम द्वारा उपर्युक्त तीनों प्राचलों में प्राप्त निष्पादन के स्तर पर आधारित होगा । 3. उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन केवल तभी संदेय होगा जब निगम की उपलब्धियां प्रारंभिक स्तरों से अधिक हों जो कि निम्नलिखित हैं :- (क) नई पालिसियों में वर्धन 11.76 प्रतिशत (ख) प्रथम वर्ष प्रीमियम आय में वर्धन 21.17 प्रतिशत
	(ग) कुल प्रीमियम आय में वर्धन 17.52 प्रतिशत 4. उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन तारीख 1-8-1997 को वर्ग I अधिकारियों के पुनरीक्षण पूर्व मजदूरी बिल के अधिकतम 6 प्रतिशत तक 1 प्रतिशत, 2 प्रतिशत, 3 प्रतिशत, आदि स्तरों पर संदेय होगा जो कि इससे उपाबद्ध सारणी के अनुसार ऊपर वर्णित क्षेत्रों में वर्धन दरों की प्राप्ति पर निर्भर करेगा । 5. मजदूरी बिल की प्रतिशतता के रूप में उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन की रकम निगम द्वारा उल्लिखित प्रतिशतताओं के विरुद्ध सभी तीनों क्षेत्रों में प्राप्त वर्धन की दरों पर निर्भर करेगी परंतु कुल प्रीमियम आय की रकम, प्रथम वर्ष प्रीमियम आय और नई पालिसियों की संख्या कुल मिलाकर क्रमशः उन वर्षों के सामने सारणियों में वर्णित कुल प्रीमियम आय की रकम, प्रथम वर्ष प्रीमियम आय और नई पालिसियों की संख्या से कम नहीं होगी । किंतु ऊपर लिखित तीनों क्षेत्रों में से किसी में सीमांत कमी को बोर्ड द्वारा माफ किया जा सकता है । 6. इस प्रयोजन के लिए कुल प्रीमियम आय और प्रथम वर्ष प्रीभियम आय वैयक्तिक बीमा पालिसियों पर प्रीमियम आय जमा जीवन सुरक्षा और जीवन धारा पालिसियों की बाबत प्रीमियम का 10 प्रतिशत जमा बीमा निवेश और जीवन अक्षय पालिसियों की बाबत प्रीमियम का 1.25 प्रतिशत, वैयक्तिक पेंशन योजनाओं की बाबत पूर्ण प्रीमियम पर प्रीमियम आय होगी और इसमें पी. एंड जी. एस. प्रीमियम आय सम्मिलित नहीं होगी । 7. उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन वित्तीय वर्ष 1999-2000, 2000-2001 और 2001-2002 के लिए तारीख 1-8-2000 से प्रारंभ होने वाले प्रत्येक वर्ष में 1 अगस्त को या उसके पश्चात् प्रत्येक वर्ष एकमुश्त वितरित की जाएगी ।

कुल प्रीमियम आय :

मजदूरी बिल के प्रतिशत के अनुसार उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन	पूर्व वर्ष की कुल प्रीमियम आय के प्रतिशत के रूप में वर्धन दर	प्राप्त किए जाने के लिए अपेक्षित कुल प्रीमियम आय की न्यूनतम रकम (करोड़ रुपए में)		
		1999-2000	2000-01	2001-02
1%	19.41	24089	28309	33269
2%	20.37	24283	28537	33537
3%	21.33	24476	28765	33804
4%	22.47	24706	29035	34122
5%	23.78	24971	29345	34487
6%	25.44	25305	29739	34949

प्रथम वर्ष प्रीमियम आय :

मजदूरी बिल के प्रतिशत के अनुसार उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन	पूर्ववर्ष के प्रथम वर्ष प्रीमियम आय के प्रतिशत के रूप में वर्धन दर	प्राप्त किए जाने के लिए अपेक्षित प्रथम वर्ष प्रीमियम आय की न्यूनतम रकम (करोड़ रुपए में)		
		1999-2000	2000-01	2001-02
1%	23.45	4925	5967	7219
2%	24.61	4971	6023	7287
3%	25.77	5017	6079	7355
4%	27.15	5072	6146	7435
5%	28.73	5135	6222	7528
6%	30.74	5215	6319	7645

नई पालिसियों की संख्या

मजदूरी बिल के प्रतिशत के अनुसार उत्पादकता संबद्ध एकमुश्त प्रोत्साहन	पूर्व वर्ष में नई पालिसियों की संख्या में प्रतिशत के रूप में वर्धन दर	प्राप्त किए जाने के लिए अपेक्षित नई पालिसियों की संख्या		
		1999-2000	2000-01	2001-02
1%	13.03	16777616	18750664	20955742
2%	13.67	16873266	18857562	21075212
3%	14.32	16968917	18964461	21194682
4%	15.08	17082501	19091403	21336553
5%	15.96	17213024	19237276	21499579
6%	17.08	17378419	19422122	21706163

स्पष्टीकारक ज्ञापन

1. केंद्रीय सरकार ने इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट तारीख से भारतीय जीवन बीमा निगम के विकास अधिकारियों की सेवा के निबंधनों और शर्तों के पुनरीक्षण के लिए अनुमोदन दे दिया है । तदनुसार, उक्त अधिसूचना में विनिर्दिष्ट तारीखों से भारतीय जीवन बीमा निगम वर्ग I अधिकारी (सेवा के निबंधनों और शर्तों का पुनरीक्षण) नियम, 1985 का संशोधन किया जा रहा है ।

2. यह प्रमाणित किया जाता है कि इस अधिसूचना को भूतलक्षी प्रभाव देने से भारतीय जीवन बीमा निगम के किसी कर्मचारी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है ।

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Economic Affairs)

(INSURANCE DIVISION)

NOTIFICATION

New Delhi, the 22nd June, 2000

G. S. R. 550(E).—In exercise of the powers conferred by section 48 of the Life Insurance Corporation Act, 1956 (31 of 1956), the Central Government hereby makes the following rules to further amend the Life Insurance Corporation of India Class-I Officers (Revision of Terms and Conditions of Service) Rules, 1985, (hereinafter referred to as "the said rules") namely .—

1 **Short title, commencement and application :** –

(1) These rules may be called the Life Insurance Corporation of India Class-I Officers(Revision of Terms and Conditions of Service) Amendment Rules, 2000.

(2) Save as otherwise provided hereinafter, the provisions of these rules shall be deemed to have come into force on the first day of August, 1997:

Provided that where any Class-I Officer gives a notice in writing to the Corporation, within a period as specified by the Corporation, expressing his option to be governed by the provisions of these rules from a date not earlier than the date on which the said rules come into force and not later than the date of publication of this notification in the official gazette, then the Corporation may, by order, permit such Officer to be governed by the said rules with effect from the said date and no arrears for the period prior to the date so chosen shall be payable to such officer.

(3) These rules shall be applicable to those Class-I Officers who were in the whole-time salaried service in the permanent establishment of the Corporation as on 1.8.1997:

Provided that the officers whose resignations had been accepted or whose services had been terminated under Rule 39 of LIC of India (Staff) Rules, 1960 during the period from 1.8.1997 and the date of publication of this notification in the official gazette shall not be eligible for the arrears on account of revision.

2. In the said rules,

(i) for rule 4, the following rule shall be substituted, namely :-

"4. Scales of Pay of Class-I Officers:

The scale of pay of the Class I Officers shall be as under :-

(1)	(i) Zonal Managers (ii) Chief Engineers/ Chief Architects		(a) Ordinary Scale : Rs.19000-550(4)-21200 (b) Selection Scale : Rs.21200-550(2)-22300-600(1)-22900-700(1)-23600
(2)	(i) Deputy Zonal Managers/ Senior Divisional Managers (ii) Deputy Chief Engineers/ Deputy Chief Architects		Rs.17150-450(3)-18500-500(1)-19000
(3)	(i) Divisional Managers (ii) Superintending Engineers/ Senior Surveyors of Works/ Senior Architects		Rs.14735-360(1)–15095-385(3)–16250-450(2)-17150
(4)	(i) Assistant Divisional Managers/ Senior Branch Managers (ii) Executive Engineers/ Surveyors of Works/ Deputy Senior Architects		Rs.12215-360(8)–15095-385(3)-16250
(5)	(i) Administrative Officers/ Branch Managers (ii) Assistant Executive Engineers/ Assistant Surveyors of Works/ Architects		Rs.10055-360(13)-14735

(3) These rules shall be applicable to those Class-I Officers who were in the whole-time salaried service in the permanent establishment of the Corporation as on 1.8.1997:

Provided that the officers whose resignations had been accepted or whose services had been terminated during the period from 1.8.1997 and the date of publication of this notification in the official gazette shall not be eligible for the arrears on account of revision.

2. In the said rules,

(i) for rule 4, the following rule shall be substituted, namely :-

"4. Scales of Pay of Class-I Officers:

The scale of pay of the Class I Officers shall be as under :-

(1)	(i) Zonal Managers (ii) Chief Engineers/ Chief Architects	)	(a) Ordinary Scale : Rs.19000-550(4)-21200 (b) Selection Scale : Rs.21200-550(2)-22300-600(1)-22900-700(1)-23600
(2)	(i) Deputy Zonal Managers/ Senior Divisional Managers (ii) Deputy Chief Engineers/ Deputy Chief Architects	)	Rs.17150-450(3)-18500-500(1)-19000
(3)	(i) Divisional Managers (ii) Superintending Engineers/ Senior Surveyors of Works/ Senior Architects	)	Rs.14735-360(1)–15095-385(3)–16250-450(2)-17150
(4)	(i) Assistant Divisional Managers/ Senior Branch Managers (ii) Executive Engineers/ Surveyors of Works/ Deputy Senior Architects	)	Rs.12215-360(8)–15095-385(3)-16250
(5)	(i) Administrative Officers/ Branch Managers (ii) Assistant Executive Engineers/ Assistant Surveyors of Works/	)	Rs.10055-360(13)-14735

		Architects)	
(6)	(i)	Assistant Administrative Officers/)	Rs.7535-360(18)-14015
		Assistant Branch Managers)	
	(ii)	Assistant Engineers/)	
		Assistant Architects)	

Notes : A Separate Seniority List shall be maintained in respect of officers appointed to posts specified in entry (ii) under serial numbers 1 to 6 ";

(ii) for rule 4 A, the following shall be substituted, namely:-

"4A Addition to the Basic Pay after reaching maximum of scale:

Subject to the work record being found satisfactory

(a) an officer in the scale of Assistant Administrative Officer who has reached the maximum of the scale of pay applicable to him, may be granted an addition to the basic pay equal to the last increment drawn by him in the scale of pay from first day of the month following completion of three years of service after reaching such maximum or the first day of the month following the date of publication of this notification in the official gazette, whichever is later.

(b) an Officer in the scale of pay of Administrative Officer who has reached the maximum of the scale, may be granted for every three completed years of service after reaching such maximum, an addition to the basic pay equal to the last increment drawn by him in the scale of pay, subject to the maximum of three such additions:

Provided that no officer shall be entitled to such addition to the basic pay before the first day of the month following completion of three years after reaching maximum of the scale of pay or after drawing such additions, as the case may be:

Provided further that no officer shall be entitled to the third such addition to the basic pay before the first day of the month following the date of publication of this notification in the official gazette :

(c) an officer in the scale of Assistant Divisional Manager who has reached the maximum of the scale of pay applicable to him may be granted an addition to the basic pay equal to the last increment drawn by him in the scale of pay from first day of the month following completion of three years of service after reaching such maximum or the first day of the month following the date of publication of this notification in the official gazette, whichever is later:

Provided that where an Officer is not granted such addition to the basic pay referred to in clause (a) or clause (b) or clause (c) on first day of the month following completion of three years of service from the date of reaching maximum of the scale of pay applicable to him or from the last such addition to the basic pay or from the first day of the month following the date of publication of this notification in the official gazette (such first day of the month following completion of three years of service from the date of reaching maximum of scale of pay or the last such addition to the basic pay or the first day of the month following the date of publication of this notification in the official gazette being hereinafter referred to as "the relevant date", as the case may be), his case shall fall due for review in each calendar year in the month following that in which he completes twelve months of service as reckoned from the relevant date, or from the date of such review, so long as he has not been allowed such addition to the basic pay, and if it is decided to allow such addition subsequently, it shall take effect from the first of the month in which the review has fallen due in the calendar year in which the decision is taken.

Explanation : For the pueposes of this rule 'calender year' means the period from 1st day of January to 31st day of December";

iii) rule 4B shall be omitted;

iv) in rule 5,

(a) for sub-rule (1), the following sub-rule shall be substituted, namely:-

"(1) The scale of dearness allowance of Class-I Officers shall be determined as under:

Index : All India Average Consumer Price Index Number for Industrial Workers.

Base : Index No.1740 in the series 1960=100.

Rate : For every four points in the quarterly average of the All India Consumer Price Index above 1740 points, a Class-I Officer shall be paid dearness allowance at the rate of 0.23% of Pay.

Explanation : For the purposes of this rule, "Pay" means basic pay including additions to the basic pay after reaching maximum of the scale as provided under rule 4A of these rules";

(b) in sub-rule(2), for the figures and words "1148 points in the sequence 1148-1152-1156-1160", the figures and words "1740 points in the sequence of 1740-1744-1748-1752 " shall be substituted ;

(v) in rule 6, for sub-rule (1), the following sub-rule shall be substituted, namely:-

"(1) The House Rent Allowance of Class-I Officers except those who are allotted residential accommodation by the Corporation shall be as under:

Place of posting	Rate of House Rent Allowance
i. Cities of Mumbai, Calcutta, Chennai, New Delhi, Noida, Faridabad, Ghaziabad, Gurgaon and Navi Mumbai.	11% of Pay, subject to the maximum of Rs.1200/- per month
ii. Cities with population exceeding 12 lakhs, except those mentioned at (i) ,Gandhinagar and any city in the State of Goa	9% of Pay,subject to the maximum of Rs. 1000/- per month.
iii. Other places.	8% of Pay subject to the maximum of Rs. 950/- per month

Notes : for the purpose of this rule,

i) the population figures shall be as per the latest Census Report,

ii) cities shall include their urban agglomerations.

iii) 'pay' means basic pay, additions to basic pay and Fixed Personal Allowance";

(vi) for rule 7, the following rule shall be substituted, namely:-

"7. City Compensatory Allowance:

The City Compensatory Allowance payable to Class-I Officers shall be as under:-

Place of posting	Rate of CCA
i. Cities of Mumbai, Calcutta, Chennai, New Delhi, Noida, Faridabad, Ghaziabad, Gurgaon and Navi Mumbai.	4% of Pay, subject to the minimum of Rs.120/- p.m. and maximum of Rs. 375/- p.m.
ii. Cities with population exceeding 12 lakhs, except those mentioned at (i), Gandhinagar and any city in the State of Goa .	3% of Pay, subject to the minimum of Rs. 100/- p.m. and maximum of Rs.350/- p.m.
iii. Cities with population of 5 lakhs and above but not exceeding 12 lakhs, State Capitals with population not exceeding 12 lakhs, Chandigarh, Mohali, Pondicherry, Port Blair, and Panchkula.	2.5% of Pay, subject to the minimum of Rs. 75/- and maximum of Rs. 250/- p.m.

Notes : for the purposes of this rule,

i) the population figures shall be as per the latest Census Report,

ii) cities shall include their urban agglomerations.

iii) "pay" means basic pay plus additions to basic pay under rule 4A";

(vii) in rule 7A ,

(a) against entry (i), for column 2 and the entries relating thereto, the following shall be substituted, namely:-

"at the rate of 3% of basic pay subject to the maximum of Rs. 216/- p.m.";

(b) against entries (ii) and (iii), for column 2 and the entries relating thereto, the following shall be substituted, namely :-

"at the rate of 2.5 % of basic pay, subject to the maximum of Rs 180/- p.m.";

(viii) in rule 7B, for the letters and figure "Rs100/-," the letters and figure "Rs 120/-," shall be substituted;

(ix) in rule 8, in sub-rule(1), the Explanation shall be omitted;

(x) in rule 9, the Explanation shall be omitted ;

(xi) for rules 9a and 9b , the following rules shall be substituted,namely:-

"9A : Fixed Personal Allowance

(1) A Class I Officer other than an Officer on probation on first appointment or who has reached the maximum of the scale of pay applicable to him or who has been in receipt of one or more addition to the basic pay referred to in rule 4A on the first day of November,1993 shall be paid on account of computerisation one increment in the scale of pay applicable to him on the first day of November, 1993:

Provided that a Class I officer who on his first appointment in the Corporation's service was on probation on the 1st November, 1993 shall be paid one such increment on completion of one year of service after confirmation.

(2) A Class-I Officer who has reached the maximum of the scale of pay applicable to him or who has been in receipt of one or more additions to the basic pay referred to in rule 4A on the first day of November, 1993, shall be paid, a fixed personal allowance on account of computerisation equal to the last increment in the scale of pay applicable to him on the first day of November 1993.

(3) A Class-I Officer who is in receipt of an increment on account of computerisation and who has reached the maximum of the scale of pay applicable to him shall be paid the fixed personal allowance referred to in sub-rule (2) on the expiry of a period of one year after reaching the maximum of scale of pay.

(4) Fixed Personal Allowance shall count for the purposes of House Rent Allowance, Provident Fund, Pension, Gratuity and Encashment of Privilege leave.

(5) Additional Increment for Computerisation for Officers who have joined the services of the Corporation after 1.11.1993 but before the date of the notification:

The Class-I Officers who have joined the services of the Corporation after 1.11.1993 but before the date of publication of this notification shall be granted one increment in the scale of pay applicable to them on the date of publication of this notification, with effect from the first day of the month following the date of publication of this notification, subject to the following conditions:

(i) Such of those officers who on their first appointment in the Corporation's service were on probation on the date of publication of this notification shall be granted the said increment only on completion of 365 days of service after the date of confirmation;

(ii) A Class-I officer who is in receipt of the said increment and who reaches maximum of the scale of pay applicable to him shall be paid the Fixed Personal Allowance, which shall be equal to the last increment in the scale of pay applicable to him on the first day of the month following the date of publication of this notification, on

the expiry of a period of one year after reaching the maximum of the scale of pay, and such Fixed Personal Allowance shall count for the purposes of House Rent Allowance, Provident Fund, Pension, Gratuity and Encashment of Privilege Leave.

iii) Any officer who joins the services of the Corporation after the date of publication of this notification shall not be eligible for this increment;

9B: Conveyance Allowance:

Every Class I Officer, other than an Officer who is in receipt of any Conveyance Allowance under any of the Schemes of the Corporation shall be paid conveyance allowance of Rs.150/- per month.

(xii) after rule 9(B), the following rules shall be inserted, namely:-

"9(C) Productivity Linked Lumpsum Incentive (PLLI):

The Class-I Officers of the Corporation shall be paid Productivity Linked Lumpsum Incentive as under :

For the period from 1.8.1997 to 31.3.1999, the above said Class I Officer shall be paid one time lumpsum payment of 1.67% of the wage bill of Class I Officers as on 1.8.1997 (pre-revised), in lieu of PLLI.

For the period from 1.4.1999 to 31.3.2002, shall be as per Appendix.

"9(D) Paradeep Port Allowance -

Every Class-I officer working in office(s) at Paradeep shall be paid "Paradeep Port Allowance" of Rs.50/- per month with effect from the

first of the month following the date of notification or the date of joining at Paradeep, whichever is later. This allowance shall not rank for any benefits";

(xiii) after rule 9E, the following rules shall be inserted with effect from the date of publication of this notification in the official gazette, namely :

"9E. Maternity Leave-

The competent authority may grant to a female officer maternity leave for a period which may extend upto 6 months at a stretch subject to a maximum of 12 months during the entire period of an officer's service:

Provided that leave may be granted once during the service to a childless female employee for legally adopting a child who is below one year of age. The maximum period of leave will be two months or till the child reaches the age of one year, whichever is earlier:

Provided further that leave will be granted for adoption of only one child:

Provided also that the adoption of a child is through a proper legal process and on submission of a certified true copy of adoption deed to the Corporation.

9F. Sick Leave -

A Class-I Officer shall be entitled to sick leave on medical certificate at the rate of one month for each completed year of service subject to a maximum of sixteen months throughout the service in the Corporation:

Provided that the casual leave and the additional casual leave admissible to an officer under sub-rules (1) and (2) of rule 62 of Life Insurance Corporation of India (Staff) Rules, 1960 and not availed of by him shall

be converted into additional sick leave on full pay upto a maximum of two months or on half pay upto a maximum of four months during the entire period of his service to be availed of by him on medical certificate:

Provided further that if an officer is suffering from any of the major diseases of cancer, leprosy, T.B., paralysis, mental diseases, brain tumor, cardiac ailments, AIDs or kidney diseases he may be allowed special sick leave on half pay for a period not exceeding six months if he has to his credit no sick leave including additional sick leave admissible to him".

[F. No 2(14)-Ins III/97]
AJIT M SHARAN, Jt. Secy.

Foot Note : The principal rules were published vide G.S.R.No.794(E) dated 11.10.1985 and subsequently amended vide G.S.R.No.960(E) dated 7.12.1987, G.S.R.No.493(E) dated 22.4.1988, G.S.R.No.872(E) dated 22.8.1988, G.S.R.No.711(E) dated 25.7.1989, G.S.R.No.816(E) dated 11.10.1990, G.S.R.No.324(E) dated 10.3.1992, G.S.R.No.53(E) dated 2.2.1994, G.S.R.No.597(E) dated 30.6.1995, G.S.R.No.94(E) dated 16.2.1996, G.S.R.No.286(E) dated 18.7.1996, G.S.R.No.530(E) dated 27.08.1998 and G.S.R.No.612(E) dated 30.08.1999.

Appendix

PRODUCTIVITY LINKED LUMP SUM INCENTIVE SCHEME (PLLI)
(See Rule 9C)

Conditions for grant of PLLI	1. Grant of PLLI shall depend upon performance of the corporation as a whole in the following areas a) Growth in New Policies b) Growth in First Year Premium Income c) Growth in Total Premium Income 2. PLLI will be calculated on financial year basis and will depend upon the level of performance achieved by the corporation on all the above three parameters. 3. The PLLI will be payable only if the achievements of the corporation are higher than the THRESHOLD LEVELS which are as under: a) Growth in New Policies 11.76% b) Growth in First Year Premium Income 21.17% c) Growth in Total Premium Income 17.52%

	4. PLLI shall be payable at the levels of 1%, 2%, 3%, etc. upto a maximum of 6% of the pre-revised wage bill of Class-I Officers as on 1/8/1997 depending upon the achievements of growth rates in the above mentioned areas as per the table appended hereto. 5. The amount of PLLI in terms of percentage of wage bill will depend upon the growth rates achieved by the Corporation in all the three areas against the percentages mentioned provided, however, the amount of Total Premium Income, First Year Premium Income and Number of New Policies is not less than the amount of Total Premium Income, First Year Premium Income and Number of New Policies mentioned in the tables against respective years. However, a marginal shortfall in any of the three areas noted above may be condoned by the Board. 6. The Total Premium Income and First Year Premium Income for the purpose shall be the premium income on individual assurance policies plus 10% of premium in respect of Jeevan Suraksha and Jeevan Dhara Policies plus 1.25% of premium in respect of Bima Nivesh and Jeevan Akshay Policies, full premium in respect of individual pension plans and shall exclude P&GS Premium Income. 7. The PLLI will be distributed in one lumpsum annually on or after 1st August each year commencing from 1/8/2000 for the financial years 1999-2000, 2000-2001 and 2001-2002.

TOTAL PREMIUM INCOME:

PLLI IN TERMS OF % OF WAGE BILL	GROWTH RATE AS % OF TPI OF PREVIOUS YEAR	MINIMUM AMOUNT OF TPI REQUIRED TO BE ACHIEVED (Rs. in Crores)		
		1999-2000	2000-01	2001-02
1%	19.41	24089	28309	33269
2%	20.37	24283	28537	33537
3%	21.33	24476	28765	33804
4%	22.47	24706	29035	34122
5%	23.78	24971	29345	34487
6%	25.44	25305	29739	34949

FIRST YEAR PREMIUM INCOME:

PLLI IN TERMS OF % OF WAGE BILL	GROWTH RATE AS % OF FYPI OF PREVIOUS YEAR	MINIMUM AMOUNT OF FYPI REQUIRED TO BE ACHIEVED (Rs. in Crores)		
		1999-2000	2000-01	2001-02
1%	23.45	4925	5967	7219
2%	24.61	4971	6023	7287
3%	25.77	5017	6079	7355
4%	27.15	5072	6146	7435
5%	28.73	5135	6222	7528
6%	30.74	5215	6319	7645

NO. OF NEW POLICIES:

PLLI IN TERMS OF % OF WAGE BILL	GROWTH RATE AS % OF NO. OF NEW POLICIES OF PREVIOUS YEAR	MINIMUM NO. OF NEW POLICIES REQUIRED TO BE ACHIEVED		
		1999-2000	2000-01	2001-02
1%	13.03	16777616	18750664	20955742
2%	13.67	16873266	18857562	21075212
3%	14.32	16968917	18964461	21194682
4%	15.08	17082501	19091403	21336553
5%	15.96	17213024	19237276	21499579
6%	17.08	17378419	19422122	21706163

EXPLANATORY MEMORANDUM

The Central Government has accorded approval to revise the terms and conditions of service of Class-I Officers of Life Insurance Corporation of India with effect from the dates specified in the notification. The Life Insurance Corporation of India Class-I Officers (Revision of Terms and Conditions of Service) Rules, 1985 are being amended accordingly with effect from these dates as specified in the notification.

It is certified that no employee of the Life Insurance Corporation of India is likely to be affected adversely by the notification being given retrospective effect.

अधिसूचना

नई दिल्ली, 22 जून, 2000

सा. का. नि. 551(अ).—केंद्रीय सरकार, जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 (1956 का 31) की धारा 48 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय जीवन बीमा निगम विकास अधिकारी (सेवा के निबंधनों और शर्तों का पुनरीक्षण) नियम, 1986 (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् "उक्त नियम" कहा गया है) का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

(1) इन नियमो का संक्षिप्त नाम भारतीय जीवन बीमा निगम विकास अधिकारी (सेवा के निबधनों और शर्तो का पुनरीक्षण) सशोधन नियम, 2000 है ।

(2) इसमें इसके पश्चात् यथा उपबंधित के सिवाय, इन नियमों के उपबध 1 अगस्त, 1997 को प्रवृत्त हुए समझे जाएगे :

परंतु निगम द्वारा विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर यदि कोई विकास अधिकारी निगम को लिखित सूचना देता है जिसमे वह इन नियमो के प्रवृत्त होने की तारीख से अपूर्व और इस अधिसूचना के राजपत्र मे प्रकाशन की तारीख से अपश्चात् किसी तारीख से इन नियमों के उपबंधों से शासित होने का अपना विकल्प अभिव्यक्त करता है, तो निगम आदेश द्वारा ऐसे अधिकारी को उक्त तारीख से उक्त नियमो द्वारा शासित होने की अनुज्ञा दे सकता है । इस प्रकार चयनित तारीख से पूर्व की अवधि के लिए उक्त अधिकारी को कोई बकाया सदेय नही होगा ।

(3) ये नियम उन विकास अधिकारियों को लागू होगे जो निगम के स्थायी स्थापन मे तारीख 1-8-1997 को पूर्णकालिक वेतन सेवा में थे :

परंतु यह कि ऐसे विकास अधिकारी, जिनका भारतीय जीवन बीमा निगम (कर्मचारिवृंद) नियम, 1960 के नियम 39 के अधीन तारीख 1-8-1997 और अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख तक की अवधि के दौरान त्यागपत्र स्वीकार कर लिया गया है या जिनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं, पुनरीक्षण के कारण बकाया के पात्र नहीं होंगे।

2. उक्त नियमों में,-

(i) नियम 4 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"4 वेतनमान :

विकास अधिकारियो के वेतनमान निम्नलिखित के अनुसार होगे :

(1) 4950-280(2)-5510-335(2)-6180-360(17)-12300 रुपए ।

(2) उपनियम (1) में निर्दिष्ट विकास अधिकारी का वेतन और अनुज्ञेय अन्य भत्ते कर्मचारिवृन्द नियमो और विशेष नियमों के अनुसार विनियमित होगे ।

(3) वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने पर मूल वेतन मे वृद्धि :

कार्य अभिलेख के समाधानपूर्ण पाए जाने के अधीन रहते हुए, ऐसे विकास अधिकारी को जो वेतनमान के अधिकतम पर पहुंच गया है, ऐसे अधिकतम पर पहुचने के पश्चात् तीन वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर पश्चातवर्ती मास के पहले दिन या अधिसूचना के राजपत्र मे प्रकाशन की तारीख के पश्चात् उसके मूल्याकन वर्ष के पूर्ण होने के पश्चातवर्ती मास के पहले दिन, जो भी बाद में हो, उसके द्वारा ली गई अंतिम वेतनवृद्धि के समतुल्य-वृद्धि उसके मूल वेतन मे अनुदत्त की जाएगी किंतु ऐसी वृद्धियां अधिकतम दो होगी :

परंतु यह कि कोई विकास अधिकारी, पहली वृद्धि पाने के पश्चात् तीन वर्ष पूर्ण होने से पूर्व मूल वेतन मे ऐसी दूसरी वृद्धि पाने का हकदार नहीं होगा ।

परंतु यह भी कि जहां किसी विकास अधिकारी को उसको लागू वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने की तारीख से तीन वर्ष की सेवा पूर्ण होने के पश्चातवर्ती मास के पहले दिन या अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख के पश्चातवर्ती उसके मूल्यांकन वर्ष के पूर्ण होने के पश्चातवर्ती मास के पहले दिन, जो भी बाद मे हो, (वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने की तारीख से तीन वर्ष की सेवा पूर्ण होने के पश्चातवर्ती मास के पहले दिन या इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख के पश्चातवर्ती उसके मूल्यांकन वर्ष के पूर्ण होने के पश्चातवर्ती मास के पहले दिन को, जिसे इसमें इसके पश्चात् "सुसंगत तारीख" कहा गया है) मूल वेतन में ऐसी वृद्धि अनुदत्त नहीं की जाती तो उसका मामला, सुसंगत तारीख से संगणित की जाने वाली सेवा के बारह मास पूर्ण करने के पश्चातवर्ती मास में उस प्रत्येक मूल्यांकन वर्ष में पुनरीक्षण के लिए तब तक रखा जाएगा जब तक कि उसके मूल वेतन मे ऐसी वृद्धि अनुज्ञात न की जाए और तत्पश्चात् यदि ऐसी वृद्धि अनुज्ञात करने का विनिश्चय किया जाता है तो वह उस मास की पहली तारीख से प्रभावी होगा जिसमे उस मूल्यांकन वर्ष जिसमें विनिश्चय किया गया है मे पुनरीक्षण किया जाना था ।

स्पष्टीकरण– इस नियम के प्रयोजनार्थ "कलेडर वर्ष" से अभिप्रेत है "1 जनवरी से 31 दिसंबर तक की अवधि" ।

(ii) नियम 4(क) और 4(ख) का लोप किया जाएगा ।

(iii) नियम 5 में,--

(क) उपनियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"(1) विकास अधिकारियों को लागू महगाई भत्ते का मापमान निम्नलिखित रूप से अवधारित किया जाएगा :

सूचकांक : औद्योगिक कर्मकारों का अखिल भारतीय औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक ।

आधार : 1960 = 100 की श्रृंखला में सूचकांक सं. 1740

दर : अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के 1740 प्वाइंट के ऊपर त्रैमासिक औसत मे प्रत्येक 4 प्वाइंट के लिए विकास अधिकारी को " वेतन" के 0.23 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता संदत्त किया जाएगा ।

स्पष्टीकरण-- इस नियम के प्रयोजनार्थ, " वेतन" से अभिप्रेत है मूल वेतन, जिसमें इन नियमों के नियम 4 के उपनियम (3) के अधीन यथा उपबंधित वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के पश्चात् मूल वेतन में वृद्धियां भी सम्मिलित हैं ।

(ख) उपनियम (2) में " 1148 प्वाइंट से ऊपर होने पर 1148-1152-1156-1160", शब्दों और अंको के स्थान पर " 1740 प्वाइंट से ऊपर होने पर 1740-1744-1748-1732" अंक और शब्द रखे जाएंगे ।

(iv) नियम 6 के उपनियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

"(1) विकास अधिकारी का, सिवाय उनके जिनको निगम ने निवास स्थान आबंटित किया है, मकान किराया भत्ता निम्नलिखित होगा :

तैनाती का स्थान	मकान किराया भत्ते की दर
i. मुंबई, कलकत्ता, चेन्नई, नई दिल्ली, नोएडा, फरीदाबाद, गाजियाबाद, गुड़गांव और नवीं मुम्बई नगर ।	वेतन का 11 प्रतिशत अधिकतम 1200 रुपए प्रतिमास के अधीन रहते हुए
ii. ऊपर (i) में वर्णित नगरों से भिन्न नगर जिनकी जनसंख्या 12 लाख से अधिक है, गोवा राज्य मे कोई नगर और गांधी नगर ।	वेतन का 9 प्रतिशत अधिकतम 1000 रुपए प्रतिमास के अधीन रहते हुए
iii. अन्य स्थान	वेतन का 8 प्रतिशत अधिकतम 950 रुपए प्रतिमास के अधीन रहते हुए

टिप्पण : इस नियम के प्रयोजनार्थ,-

i) जनसंख्या के आंकड़े नवीनतम जनगणना रिपोर्ट के अनुसार होंगे ।

ii) नगरों में उनकी नगर बस्तियां सम्मिलित हैं ।

iii) वेतन से अभिप्रेत है मूल वेतन, मूल वेतन में वृद्धियां और नियत वैयक्तिक भत्ता ।

(v) नियम 7 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :-

" 7. नगर प्रतिकरात्मक भत्ता :

तैनाती का स्थान	नगर प्रतिकरात्मक भत्ते की दर
i. मुंबई, कलकत्ता, चेन्नई, दिल्ली, नोएडा, फरीदाबाद, गाजियाबाद, गुड़गांव और नवी मुम्बई ।	वेतन का 4 प्रतिशत अधिकतम 300 रुपए प्रतिमास के अधीन रहते हुए न्यूनतम 120 रुपए प्रतिमास ।
ii. ऊपर (i) में वर्णित नगरों से भिन्न नगर जिनकी जनसंख्या 12 लाख से अधिक है, गोवा राज्य में कोई नगर और गांधी नगर ।	वेतन का 3 प्रतिशत अधिकतम 270 रुपए प्रतिमास के अधीन रहते हुए न्यूनतम 100 रुपए प्रतिमास ।
iii. वे नगर जिनकी आवादी 5 लाख और उससे अधिक है किंतु 12 लाख से अधिक नहीं है, राज्यों की राजधानियां जिनकी आवादी 12 लाख से अधिक नहीं है, चंडीगढ़, मोहाली, पांडिचेरी, पोर्ट ब्लेयर और पंचकुला नगर ।	वेतन का 2.5 प्रतिशत अधिकतम 225 रुपए प्रतिमास के अधीन रहते हुए न्यूनतम 75 रुपए प्रतिमास ।

टिप्पण : इस नियम के प्रयोजनार्थ,-

i) जनसंख्या के आंकड़े नवीनतम जनगणना रिपोर्ट के अनुसार होंगे ।

ii) नगरों में उनकी नगर बस्तियां सम्मिलित हैं ।

iii) वेतन से अभिप्रेत है मूल वेतन, मूल वेतन में वृद्धियां ।

